सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 60 | इंदौर, बुधवार 11 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# 8 हजार अतिथि शिक्षकों का 6 घंटे प्रदर्शन

## बारिश में भी डटे रहे, सीएम हाउस घेरने निकले थे, पुलिस ने खदेड़ा, गिरने से कई घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में नियमितिकरण समेत 5 मांगों को लेकर 8 हजार से ज्यादा अतिथि शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। बारिश के बीच भी वे डटे रहे। प्रदर्शन 6 घंटे तक चला। अतिथि शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप से मिलने पहुंचा था। लेकिन बात नहीं बनी। अब मंत्री बुधवार सुबह 11 बजे प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे।**

इससे पहले अतिथि शिक्षक महासंघ, मध्यप्रदेश के बैनर तले प्रदेशभर से अतिथि शिक्षक अंबेडकर मैदान में जुटे थे। यहां से वे तिरंगा यात्रा निकालकर सीएम हाउस घेरने निकले। पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। लाठियों से पीछे धकेला। धक्का-मुक्की के दौरान कई शिक्षक गिरकर घायल भी हो गए। शिक्षकों ने पुलिस पर उन्हें पीटने के आरोप लगाए।



### पूर्व सीएम ने किया था वादा, अब तक पूरा नहीं

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार ने कहा- पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो सितंबर 2023 को अतिथि शिक्षक पंचायत में अतिथि शिक्षकों को नियमित कर गुरुजी के समान वेतनमान देने की बात कही थी। यह वादा अब तक पूरा नहीं किया गया है। आज हम अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए राजधानी की सड़कों पर उतरे। हमारी मांग है कि डिपार्टमेंटल एग्जाम कराकर गुरुजियों की तरह नियमित किया जाए। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी, तब तक हम यहां से नहीं हटेंगे।

### तत्कालीन सीएम शिवराज ने महापंचायत में किए थे ये बड़े ऐलान

अतिथि शिक्षकों के प्रदर्शन से जुड़ी खबर के मिनट टु मिनट अपडेट के लिए नीचे दिए ब्लॉग से गुजर जाइए।

### अतिथि शिक्षक का दावा- मंत्री ने कहा महापंचायत की घोषणा भूल जाओ

प्रतिनिधिमंडल में गए अतिथि शिक्षक बीएम खान ने कहा कि हम शिक्षा मंत्री से मिले। वहां लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारी भी बैठे हुए थे। हमारी एक ही मांग थी कि पिछले साल 2023 में तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने विभागीय परीक्षा लेकर नियमित करने की घोषणा की थी। हम इसका आदेश मांगने आए थे। मंत्री ने कहा कि उस घोषणा को भूल जाओ।

# सभी सरकारी प्राइवेट हॉस्पिटल में सीसीटीवी कैमरे लगाना जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **जिले में अब सभी सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल में सीसीटीवी कैमरों लगाना अनिवार्य होगा। अस्पताल के ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर वहां पर रोशनी की व्यवस्था करना एवं सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी करना अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी।**

मंगलवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी सरकारी और प्राइवेट संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों के परिसर में सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम का स्थापित किया जाये साथ ही कंट्रोल रूम में इमरजेंसी कॉल उपकरण (ICE) लगाया जाये जिससे किसी भी घटना में आसानी से समाधान निकाला जा सके।

### अब एक अटेंडर रखने की होगी अनुमति

सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों में रात के समय में मरीज के पास एक ही परिजन के रहने अनुमति होगी। जिससे भीड़ की स्थिति न बने। केवल बुजुर्ग/छोटे बच्चे के मरीज होने एवं महिला अटेंडर होने की स्थिति में ही 2 परिजनों को अस्पताल परिसर में रहने की अनुमति होगी। सभी संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों में रात 8 बजे के बाद एंट्री में ब्रीथ-एनालाइजर (श्वास परीक्षण यंत्र) से जांच के बाद ही एंट्री दी जाएगी। ताकि नशे के हालत में किसी व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए।

# मंडी में चीनी लहसुन की एंट्री, विरोध में उतरे व्यापारी

### मंडियों में बंद रही खरीदी, डेढ़ मिलियन टन चीनी लहसुन भारत आने की संभावना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रदेश की मंडियों में आसमान छू रहे लहसुन के भाव के बीच चीनी लहसुन की एंट्री का व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में चीन के लहसुन की एंट्री से प्रदेश की मंड़ियों में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति यह है कि इंदौर, नीमच, मंदसौर, शाजापुर आदि मंडियों में व्यापारियों और किसानों ने विरोध करते हुए लहसुन की बिक्री रोक दी है। दरअसल, इंदौर समेत मंदसौर, नीमच, शाजापुर आदि इलाकों की मंडियों में पिछले तीन से चार महीनों से लहसुन 25 हजार रु से 30 हजार प्रति क्विंटल के भाव से बिक रहा है। इस बीच राजस्थान की मंडियों में चीन से आने वाली लहसुन की आवक भी हो रही है, जो प्रदेश की सीमा से सटे हुए बाजारों में 20 से 22 हजार रुपए प्रति क्विंटल बिकने आया है, ऐसे में प्रदेश के जो लहसुन व्यापारी 25 से 30 हजार के भाव में लहसुन स्टॉक कर चुके हैं उन्हें बड़ा नुकसान होने की आशंका है। मध्य प्रदेश में लहसुन का उत्पादन 50 हजार बोरी है। जबकि राजस्थान में 30 हजार बोरी लहसुन का उत्पादन होता है। हिमाचल प्रदेश और कश्मीर की लहसुन की आपूर्ति भी धीरे-धीरे कम हो रही है। हालांकि, कुल उत्पादन उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। यही वजह है कि नेपाल के रास्ते करीब डेढ़ मिलियन टन चीनी लहसुन की आवक भारत में होने का आरोप है।

# धांधली:18 ITI के 100 फेल छात्रों को किया पास, अंकसूची वापस मंगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सरकारी आईटीआई में मई व अक्टूबर-2023 में हुए हिंदी स्टेनो एग्जाम के रिजल्ट में फेल छात्रों को पास किया गया। सागर में तीन फेल छात्रों को रुपए लेकर पास करने के खुलासे के बाद प्रदेश स्तर पर रिजल्ट में हो रही यह धांधली पकड़ में आई है। मप्र राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड भोपाल ने प्रदेश के 12 जिलों बालाघाट, सागर, छिंदवाड़ा, शिवपुरी, गुना, मंदसौर, उज्जैन, भोपाल, इंदौर, उमरिया, सतना व दमोह की 18 सरकारी आईटीआई के 100 विद्यार्थियों की अंकसूचियां वापस मंगाई हैं।**




ये विद्यार्थी एग्जाम में फेल हैं और इन्हें पास के प्रमाण-पत्र दिए गए। इनमें सबसे ज्यादा 31 विद्यार्थी बालाघाट के, 21 विद्यार्थी सागर के व 3 छात्र भोपाल के हैं। इस गड़बड़ी के पीछे अफसरों का तर्क है कि रिजल्ट बनाने के दौरान टेस्टिंग प्रक्रिया में गलती से फेल विद्यार्थियों को परीक्षा उत्तीर्ण के प्रमाण-पत्र जारी हो गए।

**सवाल : फेल विद्यार्थी को पास करने की टेस्टिंग क्यों की –** इस गड़बड़ी के पकड़ में आने के बाद अफसर तर्क दे रहे हैं कि रिजल्ट टेस्टिंग के दौरान यह गड़बड़ी हुई है। अफसरों का तर्क हजम इसलिए नहीं होता कि फेल विद्यार्थियों का प्रमाण-पत्र ही जारी नहीं होता। इसके बाद भी फेल विद्यार्थी को पास करने की टेस्टिंग क्यों की गई? आईटीआई का ऑनलाइन रिजल्ट जारी करने के पहले टेस्टिंग उसका पार्ट है, लेकिन टेस्टिंग पब्लिक डोमिन में नहीं की जाती।

# डॉ. आशा बक्षी को विघ्नहर्ता 2024 अवॉर्ड

## बांझन को पुत्र देत नहीं, बांझन को गर्भ देत गाकर गणेशजी की आरती में करें सुधार- कृष्णा गुरुजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गणेश आरती के मानवीयकरण की कड़ी में कृष्णा मिश्रा गुरुजी 'बांझन को गर्भ देत' के संदेश को सार्थक करने वाली डॉक्टर आशा बक्षी के हॉस्पिटल पहुंचे, और उन्हें विघ्नहर्ता 2024 का अवॉर्ड से नवाजा। इस दौरान कृष्णा गुरुजी ने जहां इलाज करवा रही महिलाओं को संबोधित किया।

कृष्णा गुरुजी ने कहा कि गणेश जी बुद्धि के दाता हैं, जिसका उपयोग कर डॉक्टर आशा बक्षी आपका इलाज एवं मां बनने का सौभाग्य प्रदान कर रही हैं। सब गणेश जी की कृपा से ही हो रहा है, क्योंकि गणेश जी आरती के माध्यम से आपसे कहना चाह रहे हैं कि आप बुद्धि का उपयोग कर किसी और के जीवन के विघ्न दूर करें, जो डॉक्टर आशा बक्षी एवं उनकी टीम कर रही हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि आज से गणेश आरती जब गाएं तब बांझन को पुत्र देत नहीं गाएं बल्कि बांझन को गर्भ देत गाएं। कृष्णा गुरुजी ने तिरंगे दुपट्टे से डॉक्टर आशा बक्शी का स्वागत किया एवं विघ्न हर्ता 2024 का अवार्ड दिया। इलाज करवा रही महिलाओं ने गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कृष्णा गुरुजी सोशल वेलफेयर सोसायटी की मीता चंद्र, भारती मंडलोई, अनिल कुमार, पिंकू यादव भी कृष्णा गुरुजी के साथ थे।

# अचानक बढ़े सब्जियों के दाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवी अहिल्या बाई होलकर थोक मंडी में मंगलवार को प्याज की आवक फिर से कम हो गई। सोमवार के मुकाबले करीब 40 हजार बोरी आवक घटी और 60 हजार बोरी माल ही मंडी में पहुंचा। प्याज के दाम में 150-200 रुपये की मजबूती आई। प्याज के भाव ऊपर में 3600-3800 रुपये बिका। आलू की आवक भी 10 हजार बोरी रही।



हालांकि, आलू के दामों में कोई तेजी नहीं रही। लहसुन मंडी में व्यापारियों और किसान ने चीन की लहसुन के विरोध में कामकाज बंद रखा। प्रदेश की कुछ अन्य बड़ी लहसुन मंडियों में भी आंशिक व्यापार विरोध के कारण प्रभावित हुआ।

**काबुली चना में देखी गई बड़ी गिरावट-** काबुली चने में तेजी लाकर लाभ कमाने वाले बड़े स्टॉकिस्टों को अब असल व्यापार के सामने हाथ टेकना पड़ रहा है। काबुली चने में ऊंचे दामों पर घरेलु मांग के साथ निर्यातकों की लेवाली भी बेहद सुस्त है। जबकि आवक का दबाव धीरे-धीरे मंडी में बना हुआ है। मंगलवार को काबुली चने में जोरदार गिरावट देखने को मिली है। काबुली चना कंटेनर मे करीब 400 रुपये तक टूट गया। बीते दिनों काबुली के स्टाक में कई नेताओं और रसूखदारों के करीबी उतर गए थे। कृत्रिम तेजी भी लाई गई।

### बाजारों में ग्राहकी सुस्त

व्यापारियों ने कहा कि ऊंचे भावों की वजह से असल लेवाल दूरी बनाता जा रहा है। विदेश में भी मध्यम किस्म का काबुली पर्याप्त है। ऐसे में बाजार में अभी और घटना चाहिए। दूसरी ओर चना कांटे में भी जैसी ग्राहकी होना चाहिए वैसी नहीं है। दूसरी ओर मटर के आयात सौदे लगातार हो रहे हैं। किराना बाजार से लेकर अन्य तमाम बाजारों में ग्राहकी सुस्त है। इंदौर मंडी में मंगलवार को चना कांटा 50 रुपये घटकर 7700 विशाल चना 7500 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

### दलहन की कीमतों में गिरावट

आयातित तुवर की आवक बाजार में बढ़ती जा रही है, जबकि लेवाली बेहद सुस्त बनी हुई है। दरअसल, दालों में भी बिक्री नहीं है। ऐसे में मिलें भी दलहन खरीदी संभलकर कर रही है। ज्यादातर दलहन की कीमतों में गिरावट का रुख बना हुआ है। इसके अलावा दलहन की बोवनी भी अधिक हुई है, जिसका भी असर हाजिर बाजारों पर देखा जा रहा है। तुवर दाल में भी उपभोक्ता मांग नहीं है। इसके असर से मंगलवार को तुवर और दाल दोनों में करीब 100 रुपये टूट गए।

**भाजपा सदस्यता अभियान की हालत चिंताजनक**

# इंदौर-1 व 2 में सबसे बेहतर काम, यूपी के मंत्री रात में ही मैदान में उतरे, सदस्य बनाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बीजेपी के सदस्यता अभियान की हालत इंदौर में चिंताजनक है। अभियान के प्रदेश प्रभारी और उत्तर प्रदेश के मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने सोमवार रात इंदौर की सभी विधानसभाओं की समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इंदौर-1 और 2 में सदस्यता अभियान सबसे बेहतर स्थिति में है। इन दोनों विधानसभा का नाम प्रदेश की टॉप 10 विधानसभा में शामिल है।**




मंत्री सिंह ने सोमवार रात 9 बजे के बाद ली बैठक में भाजपा कार्यालय पर सदस्यता अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि इंदौर में सदस्यता अभियान में तेजी से काम करना होगा। सदस्यता अभियान के आंकड़े काफी चिंताजनक हैं।

बैठक में मंत्री सिंह ने नगर पदाधिकारियों की टीम के साथ-साथ सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी, पुराने संयोजक, मंडलों के प्रभारी और एमआईसी सदस्यों को भी बुलाया था। सभी से उनके क्षेत्र में चल रहे अभियान के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान सदस्यता अभियान प्रभारी सुदर्शन गुप्ता और सहप्रभारी दिलीप शर्मा भी मौजूद रहे। बीजेपी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर जिले में अभी तक सवा लाख सदस्य ही बन पाए हैं।

बीजेपी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात में बैठक के दौरान मंत्री सिंह ने शहर में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि अभी तक इंदौर 1 और इंदौर 2 विधानसभा ही अव्वल है। बाकी विधानसभाओं में ठंडा काम चल रहा है, इसमें तेजी लाने की जरूरत है। विधानसभा प्रभारी अपनी-अपनी विधानसभा में काम का विभाजन करें और लक्ष्य को पूरा करने पर ध्यान दें। बताया जा रहा है की इस बैठक के बाद महेन्द्र सिंह तीन नंबर विधानसभा में विधायक गोलू शुक्ला और सदस्यता अभियान प्रभारी सुदर्शन गप्ता के साथ सदस्य बनाने पहुंचे। उन्होंने अग्रवाल नगर के कई घरों में जाकर मोबाइल से मिस्ड कॉल देकर सदस्य बनवाए।

# 13 से 15 सितंबर तक आरएसएस की बैठक

## संघ के समन्वय वर्ग में आनुषांगिक संगठनों के चुनिंदा पदाधिकारी होंगे शामिल




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लगभग 6 साल बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) समन्वय वर्ग के माध्यम से अपने आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारियों को दक्ष करेगा। इंदौर में समन्वय वर्ग का यह दक्षता कार्यक्रम 13 से 15 सितंबर के बीच बाय-पास स्थित अग्र-सेन भवन में होगा।**

ढाई तक चलने वाली बैठक में 200 से ज्यादा पदाधिकारी शामिल होंगे। संघ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समन्वय वर्ग में संघ के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। वहीं बैठक में सह सरकार्यवाह और अन्य अखिल भारतीय पदाधिकारी शामिल हो सकते हैं। बैठक को संघ के मालवा प्रांत के पदाधिकारी संबोधित करेंगे। वक्ता के तौर पर एक बड़े राष्ट्रीय पदाधिकारी भी पहुंच सकते हैं। समन्वय बैठक में संघ के प्रमुख पदाधिकारी बताएंगे कि समाज के बीच अपनी बात कैसे रखें, कैसे लोगों को जोड़े और हर वर्ग को कैसे एकजुट करें। दरअसल, संघ का फोकस मालवा प्रांत पर ज्यादा है। यही वजह है कि 4 दिवसीय बड़ी बैठक भी इंदौर में हुई थी। जनवरी में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की मौजूदगी में राऊ के एक निजी स्कूल में घोष वादन भी होने वाला है।

### जिन्हें बुलाया जाएगा उन्हें ही मिलेगी एंट्री

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संघ के इस दक्षता कार्यक्रम में जिन 200 पदाधिकारियों को बुलाया जाएगा, सिर्फ वहीं इस बैठक में शामिल होंगे। अन्य संगठन के किसी भी पदाधिकारी या नेता को इस कार्यक्रम में एंट्री नहीं मिलेगी। सूत्रों का कहना है कि एक बार जो पदाधिकारी 13 सितंबर को बैठक में शामिल होने के लिए अंदर जाएंगे, वह फिर बैठक खत्म होने के बाद यानी 15 सितंबर को ही बाहर निकलेंगे। इस दौरान उनकी जरूरत का सभी सामान अग्रसेन भवन में ही उपलब्ध रहेगा।

### समन्वय बैठक चुनाव के मुद्दों पर फोकस थी

इंदौर में 11 महीने पहले यानी विधानसभा चुनाव के पहले समन्वय बैठक हुई थी। लेकिन वह बैठक 13 से 15 सितंबर को होने वाली बैठक से बहुत अलग थी। इस एक दिवसीय बैठक में चुनाव से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई थी। 11 महीने पहले हुई बैठक में संघ के संयुक्त महासचिव अरुण कुमार के अलावा मध्य क्षेत्र प्रचारक दीपक विस्पुते, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शामिल हुए थे। सुबह से शाम तक चली बैठक में मुख्य रूप से चुनाव के दौरान समन्वय और कार्य रचना पर बात हुई थी।

# डेंगू बढ़ते मामलों को लेकर कोर्ट में सुनवाई

## इंदौर नगर निगम सहित भोपाल, जबलपुर निगम को नोटिस जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। नगर निगमों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 19 सितंबर को होगी। इंदौर में अब तक डेंगू के 300 से ज्यादा मरीज मिल चुके हैं।**

मंगलवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ ने एक जनहित याचिका में सुनवाई की। याचिका आरटीआई कार्यकर्ता विजय बजाज ने लगाई है। कोर्ट ने उनके वकील आदित्य सांघी की दलीलें सुनीं। आरोप है कि पूरे मप्र में डेंगू फैल रहा है और हर दिन मरीज बढ़ रहे हैं और 10



सितंबर को ही सरकारी और प्राइवेट मेडिकल अस्पताल खचाखच भर गए हैं। इस बार डेंगू वायरस के मजबूत संस्करण के कारण मौतें बढ़ रही हैं, माननीय मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली अदालत ने नोटिस जारी किया और मध्य प्रदेश के नगर निगमों की कार्रवाई और जवाब के इंतजार में ठीक 10 दिनों के बाद मामले को 19 सितंबर को सुनवाई के लिए लिस्ट किया है।

आरोप यह है कि संबंधित शहरों के सांसद भी इस मामले में ध्यान नहीं दे रहे हैं और पूरे मप्र में फॉगिंग मशीनों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। यदि उचित कीटनाशक के साथ फॉगिंग मशीनों का उपयोग किया जाए और स्वच्छता बनाए रखी जाए तो डेंगू वायरस को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इंदौर नगर निगम में भ्रष्टाचार के कारण जनता त्रस्त है और हर दिन डेंगू से लोगों की मौत हो रही है, जो इस साल जानलेवा साबित हो रहा है और मप्र में युवाओं की मौत की खबरें आ रही हैं।

# महाराष्ट्रीयन परिवारों में महालक्ष्मी का आगमन

**स्थापना के बाद किया शृंगार, अष्टमी पर चटनियां और सब्जियां सहित 16- 16 पकवानों का लगेगा भोग**

### तीन दिवसीय आयोजन, ज्येष्ठा, कनिष्ठा और उनके बालक की हुई स्थापना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महाराष्ट्रीयन परिवारों में महालक्ष्मी के रूप में गौरी पूजन का तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन मंगलवार को शुरू हुआ। भाद्रपद मास में शुद्ध पक्ष में अनुराधा नक्षत्र पर महालक्ष्मी के स्वरूप में महाराष्ट्रीयन परिवारों में पीतल, मिट्टी के मुखौटे, कागज पर चित्र बनाकर या फिर जलाशय से पांच, सात, ग्यारह कंकर लाकर उन्हें गौरी पूजन के लिए घर में स्थापित किया जाता है। अधिकांश परिवारों में महालक्ष्मी गौरी पूजन के लिए ज्येष्ठा, कनिष्ठा के मुखौटों को एक आव्हान के रूप में स्थापित किया गया। उनके बीच में बाल स्वरूप मुखौटा भी रखा गया। इसी तरह रामबाग में देव परिवार में शंख, घंटी बजाते हुए महालक्ष्मी की अगवानी की गई।



### महालक्ष्मी ने की थी दानवों से रक्षा

समाज के वरिष्ठ अरुण घोलप ने बताया कि कहा जाता है कि एक समय दानवों के अत्याचारों से भयभीत हुए देवतागण में उनकी स्त्रियों की रक्षा को लेकर भय का वातावरण था, तब देवताओं ने महालक्ष्मी की शरण में जाकर उनसे स्त्रियों की रक्षा के लिए गुहार लगाई, महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। महालक्ष्मी ने प्रसन्न होकर देवताओं को उनकी स्त्रियों की रक्षा का वचन दिया। इस प्रकार देवतागणों में महालक्ष्मी की जय-जयकार हुई। घोलप ने कहा कि महाराष्ट्रियन परिवारों में इस घटना को स्त्री रक्षा, सम्मान से जोड़कर देखा जाने लगा और महालक्ष्मी के प्रति जुडी इस आस्था, विश्वास को तीन दिवस के धार्मिक आयोजन के साथ मनाने का संकल्प लिया गया। विघ्नहर्ता गणेश जी की स्थापना के तीसरे दिन महाराष्ट्रीयन परिवारों में उनकी ब्याहता बेटियों को पीहर में बुलाकर महालक्ष्मी की शरण में सदैव उनकी बेटियां प्रसन्न, सुरक्षित, सुहागन रहें, इस कामना के साथ महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाने लगी। वास्तव में महालक्ष्मी गणेश जी की माता पार्वती का दूसरा नाम है। अलग-अलग परिवारों में परंपरा के अनुसार की जाती है पूजा

कुछ महाराष्ट्रीयन परिवारों में ज्येष्ठा-कनिष्ठा बहनों के रूप में गौरी के मुखौटों की पूजा की जाती है, तो कुछ परिवारों में एकल मुखौटे के रूप में पूजा की जाती है, वहीं अधिकांश कोकणस्थ परिवारों में जलाशय से 5, 7 या 11 कंकर लाकर उसे घर में गौरी पूजन के लिए रखे जाने की परंपरा भी है।

### सोलह प्रकार से बनाई गई सब्जियां-चटनियों का भोग

पहले दिन ज्येष्ठा-कनिष्ठा के मुखौटों के साथ बाल गोपाल का मुखौटा भी घर आंगन के हर द्वार पर रखकर सुहागिनियों के साथ घर के सदस्यों के द्वारा यह बोला जाता है कि आज हमारे यहां महालक्ष्मी आई हैं वह भी सोने के पांव के साथ। इसके बाद इन मुखौटों को उनके लिए तैयार किए गए धड़ों पर रखकर साड़ी, बाल गोपाल को उसका ड्रेस पहनाकर श्रृंगारित, सुसज्जित किया जाता है। दूसरे दिन 11 सितंबर (बुधवार) को दोपहर के समय में ज्येष्ठा गौरी पूजन की महाआरती से पूर्व इन्हें विशेषरूप से श्रृंगारित करके पूरण की रोटी, कढ़ी, भजिए के साथ सोलह प्रकार से बनाई गई सब्जियां-चटनियों का भोग तैयार कर महाआरती में रखा जाएगा। इस दिन सायंकाल को श्रद्धा अनुसार परिचित, रिश्तेदार, पड़ोसी को बिना बुलावे के दर्शन के लिए आना होता है। ऐसे दर्शनाभिलाषियों को घर की विवाहित स्त्रियां हल्दी, कुंकू और पुरुष वर्ग इत्र लगाकर उन्हें प्रसाद देकर उनका महालक्ष्मी के दरबार में आने का स्वागत करते है। तीसरे दिन 12 सितंबर (गुरुवार) को सायंकाल का समय विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन से पूर्व आरती करने के बाद इन मुखौटों को हिलाकर इनका विसर्जन कर दिया जाता है।

### विसर्जन के पहले की गई कामना होती है पूरी

ऐसी मान्यता है कि विसर्जन से पूर्व महालक्ष्मी स्वरूप ज्येष्ठा-कनिष्ठा और बाल गोपाल के कानों में यदि कोई मन्नत पूरी होने की अभिलाषा की जाती है तो वह अवश्य ही पूरी होती है। महालक्ष्मी विसर्जन के बाद ससुराल से पीहर को लौटी ब्याहता बेटियों को भी हंसी-खुशी उनके घर ससुराल भेज दिया जाता है, जिसे विदाई की बेला नाम दिया गया है, जहां खुशी भी है और उदासी का माहौल भी देखने को मिलता है। वैसे महाराष्ट्रीयन परिवारों में महालक्ष्मी विसर्जन के बाद पांचवें या फिर सातवें दिन गणेश जी का विसर्जन करने की परंपरा भी है। इस मर्तबा पांचवे दिन सायंकाल से पूर्व गणेश जी का विसर्जन होगा।

## बुजुर्ग महिला की चेन ले भागे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को बुजुर्ग महिला के गले से दो बदमाश सोने की चेन झपटामारकर से उड़े। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि स्कीम नंबर 78 में रहने वाली 62 वर्षीय चंपाबाई कालोनी में ही पैदल घूम रही थी। तभी पीछे से बाइक पर आए दो अज्ञात बदमाश उनके नजदीक पहुंचे और गले में झपट्टामारकर चेन ले उड़े। घटना होते ही बुजुर्ग महिला चिल्लाई तो आसपास के लोग इक्ट्ठा हो गए तब तक बदमाश वारदात को अंजाम देकर भाग चुके थे। घटना के बाद बुजुर्ग महिला परिजनों के साथ लसूडिया थाने पहुंचे और लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई। टीआई तारेश सोनी का कहना है कि बुजुर्ग महिला के गले से चोर करीब दस ग्राम वजनी सोने की चेन लेकर फरार हुए हैं। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खगाले जा रहे हैं जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिर तार कर लिया जाएगा।

## दुकानदार ने मारी छुरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चाट दुकान पर चाट खाने गए युवक से पैसों को लेकर हुए विवाद में दुकानदार ने उसे पीटा और छुरी से हमलाकर घायल कर दिया। थाना भवरकुआं पुलिस के मुताबिक विवाद सपना संगीता मेन रोड पर हुआ। घायल का नाम शरद पिता मनीराम रजत निवासी एमवाय अस्पताल परिसर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अरविंद के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस को फरियादी ने बताया कि आरोपी चाट ठेले वाले ने चाट के पैसों के लेन देन की बात को लेकर विवाद किया और गालियां दी। जब उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी ने छूरी मार दी। छूरी उसे हाथ में लगी। जान से मारने की धमकी भी दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया।

## पैसे को लेकर मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। छोटी ग्वालटोली इलाके में टायर के पैसे को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक विवाद सरवटे बस स्टैंड के पास सागर 'यूस दुकान के पास हुआ। फरियादी राजीव पिता महेश गोस्वामी निवासी छोटी ग्वालटोली की रिपोर्ट पर आरोपी वसीम निवासी कडावघाट और आजम निवासी बंबई बाजार के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने टायर के पैसों को लेकर विवाद किया। गालियां दी और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## लुटेरी दुल्हन गैंग के चार सदस्य पकड़ाए

**फर्जी दस्तावेजों से शादी रचाकर लाखों रूपए और जेवर उड़ा लेती थी नकली दुल्हन**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** फर्जी दस्तावेजों से शादी रचाकर मौका पाते ही पति को धोखा देकर घर से लाखों रूपए और सोने चांदी के जेवर उड़ाने वाली नकली दुल्हन गैंग के चार सदस्यों को क्राइम ब्रांच ने गिर तार किया है। गिरोह ने न सिर्फ इंदौर बल्कि देश के अलग अलग रा'यों के कई शहरों में इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। लुटेरी दुल्हन और उसकी गैंग के अन्य सदस्यों को कई प्रदेशों की पुलिस को तलाश है।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि फरियादी संदीप पिता हीरालाल पिपलिया (&8) निवासी गोमा की फैल (तुकोगंज) की रिपोर्ट पर पुलिस ने वर्षा पिता सुनील चोपड़ा निवासी खातीपुरा,विजय पिता रामलाल कटारिया निवासी तेजाजी नगर मंदिर बारोली,सुनिता पिता विजय कटियार और रेखा पति विवेक शर्मा निवासी सिंगापुर टाउनशिप के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं केस दर्ज कि या गया था। प्रकरण दर्ज करने के बाद से ही क्राइम ब्रांच की टीमें लुटेरी दुल्हन गैंग के सदस्यों को पकडऩे में प्रयासरत थी। तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वर्षा,सुनिता उर्फ बसंती बाई, विजय कटारिया और रेखा को गिर तार किया। पूछताछ में गिर त में आए गैंग के सदस्यों ने बताया कि वे सभी लुटेरी दुल्हन गिरोह के सदस्य हैं जिसमें गिरोह के सदस्य आरोपिया वर्षा की शादी फर्जी दस्तावेज बनाकर दीपेश निवासी मुंबई एवं लक्ष्मण निवासी राजस्थान के साथ कर दी गई थी और फिर मौका मिलते ही गैंग के सदस्य रूपये एवं 'वेलरी लेकर फरार हो जाते थे। वहीं वर्षा ने अपने पति संदीप से शादी कर उससे भी काफी रूपये एवं 'वेलरी धोखे से ले ली थी। आरोपियों ने अलग अलग रा'य में कई लोगों को अपना शिकार बनाया। अब इनके गिर त में आने के बाद कई और पीड़ित सामने आएगें वहीं जिन जिन शहरों में इन्होंने इस तरह की वारदातें की है उन जिलों की पुलिस से क्राइम ब्रांच संपर्क कर इनकी गिर तारी को लेकर जानकारी देगी।

## रेवती रेंज में बनेगा गुरु मंदिर

**आचार्य विद्यासागर जी महाराज की 51 इंच की चांदी की प्रतिमा स्थापित होगी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** उत्तम आर्जव धर्म के दिन मंगलवार को विनम्र सागर जी महाराज ने आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज को याद किया। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि आज के दिन यदि हमने आचार्यश्री को गुरु माना है तो उनसे किए वादों से छल नहीं करना, विश्व में प्रथम बार आचार्य विद्यासागर जी महाराज की लगभग 51 इंच ऊंची पद्मासन प्रतिमा रेवती रेंज इंदौर में बनने वाले सर्वतोभद्र जिनालय के मुख्य द्वार के पास गुरु मंदिर में स्थापित होगी। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि जैसे ही गुरुदेव विनम्र सागर जी ने कहा कि आप अपनी ओर से चांदी दे सकते हैं तो दातारों की लाइन लग गई। समाजजन ने अपनी अपनी ओर से चांदी की किसी ने 5, 3, 2, 1 किलो चांदी की अपने और परिवार के नाम से घोषणा की। यह चांदी सिर्फ गुरुजी की प्रतिमा बनाने में ही लगेगी।

## दलालबाग में पर्युषण पर्व में उमड़े समाजजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मन, वचन और काया के सरल होने का नाम आर्जव धर्म है। बच्चे बहुत सहज होते हैं उनके पास आर्जव धर्म रहता है किंतु बड़ों के पास नहीं। लोगों में ऐसी वक्रता आ गई कि भाई का ही सब कुछ हड़प लेते हैं। उनकी नजर पास में झोपड़ी में रहने वाले की जमीन पर भी रहती है। ऊपर से बहुत मृदु पना जताते हैं, किंतु मन में कुटिलता रहती है। आपने भी सामने वाले को विश्वास में लिया होगा और बाद में उससे विश्वासघात किया होगा। ये बात मंगलवार को छत्रपति नगर के दलाल बाग में मुनि विनम्र सागर महाराज ने कही।

उन्होंने कहा - पहले आपके मन, वचन, काया की भाषा एक थी, प्रवृत्ति एक होती थी। एक उम्र के बाद आप में मायाचारी आ गई, कुटिलता आ गई। अब हम डिप्लोमेटिक हो गए। व्यक्ति सोचता है मेरे पिताजी के पास बहुत कुछ है, मेरे भाई के पास बहुत कुछ है, मैं सोचता था पिताजी मेरे है, भाई मेरा है, लेकिन मेरे साथ रंचक दगा हो गया। बड़ी उम्र में दगा हो जाए तो आदमी टूट जाता है। वैसे जैनी किसी के यहां नौकरी नहीं करता, लेकिन ये सब होने के बाद उसे मजबूर होकर नौकरी करना पड़ता है। हम यह नहीं सोचते कि अपनों को ठगने से क्या मिलेगा ?

मुनिश्री ने कहा - रंचक दगा दो कारणों से होता है एक है...लालच और दूसरा है... डर। दग़ाबाजी करने का तीसरा कोई और कारण नहीं होता। एक के दिमाग में लालच बड़ा और दूसरे के दिमाग में डर बढ़ गया, इनके बीच में रंचक दगा आ गया। आज वाणी और व्यवहार की सरलता दिखाई देती है, लेकिन मन की नहीं। आज हमें गुरु की बात पर भी विश्वास नहीं होता। साधु किसी के साथ रंचक दगा क्यों करेगा? साधु की हर बात मानी जा सकती है।

# पुलिस लाठीचार्ज में युवक की मौत का आरोप

## सर्व हिंदू समाज का कहना- गणेश प्रतिमा के जुलूस में पत्थर फेंके गए, एकतरफा एक्शन लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** **रतलाम में शनिवार रात गणेश प्रतिमा जुलूस में पथराव की घटना की निष्पक्ष जांच की मांग हिंदू सर्व समाज ने की है। मंगलवार शाम को पदाधिकारी कलेक्टर राजेश बाथम से मिले।**

उन्होंने कहा कि पुलिस के लाठीचार्ज में घायल एक युवक की मौत हो गई। बिना पोस्टमॉर्टम दबाव डालकर अंतिम संस्कार करा दिया। गणेश प्रतिमा के जुलूस पर पत्थर फेंका गया, लेकिन पुलिस ने इसे अफवाह का नाम देकर गुमराह किया है। प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम है, अगर तय समय में जांच और कार्रवाई नहीं होती है, तो सड़क पर उतरेंगे।



### पुलिस को पथराव से जुड़े सबूत दिए, एक्शन नहीं लिया

सर्व समाज पदाधिकारियों का कहना है कि पुलिस को पथराव से जुड़े सारे सबूत दिए गए। इसके बावजूद अभी तक कार्रवाई नहीं की है।

पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। बताया कि 7 सितंबर की रात 7 से 8 बजे शहर के मोचीपुरा से जब श्री गणेश जी की प्रतिमा का चल समारोह निकल रहा था, तब मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने प्रतिमा पर पत्थर फेंके। चल समारोह में शामिल लोग मामले की शिकायत लेकर पुलिस थाना स्टेशन रोड पहुंचे।

थाना प्रभारी ने केस दर्ज नहीं किया। वे समझाइश देते रहे, इसके विरोध में थाने पर बड़ी संख्या में हिंदू समाज जुटा। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए साधारण धाराओं में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया। इसके बाद रात करीब 11 बजे थाने पर जुटे लोग ऊंकाला रोड स्थित गणेश पंडाल पर थाना प्रभारी और एएसपी के कहने पर जा रहे थे।

हाथी खाना क्षेत्र में पुलिस ने घेराव कर लाठीचार्ज किया। इसमें कई लोग घायल हुए। लोग गणेश पंडाल की ओर मोचीपुरा के रास्ते से बढ़ने लगे। मोचीपुरा चौराहे पर पुलिस ने रोका। यहां मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने पथराव किया। इससे भगदड़ मच गई। पंडाल की ओर भाग रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया, पुलिस ने मां-बहनों तक को घसीटा।

### देश में हिंदुओं का नाम खराब हुआ

हिंदू जागरण मंच के कमलेश ग्वालियरी ने कहा कि रतलाम में त्योहारों को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। गणेश प्रतिमा पर पथराव किया गया। एसपी ने घटना को झूठा करार दिया। हिंदू समाज को पूरे देश में झूठा बताकर नाम खराब करने की कोशिश की है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि लाठीचार्ज में एक युवक की मौत हुई है। इसकी निष्पक्ष जांच की जाए।

### इन पॉइंट्स पर जांच की मांग

1. पुलिस ने पथराव को नकारा। पत्थर मारते हुए वीडियो है। केस दर्ज किया जाए।
2. श्री गणेश पंडाल से जिन युवकों को मारते हुए पुलिसकर्मी ले गए, उनके खिलाफ भी केस दर्ज किया जाए।
3. लाठीचार्ज में घायल प्रकाश मईड़ा की मौत हुई है। पोस्टमॉर्टम कराए बिना परिवार पर दबाव बनाकर अंतिम संस्कार करवाया। इसकी जांच की जाए।
4. घटना के पश्चात मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने दोबारा पथराव किया। इसके वीडियो उपलब्ध हैं, उनके विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया जाए।

### एसपी ने कहा- जल्द ही कार्रवाई होगी

एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने कहा कि शुरुआत में जो शिकायत हुई थी, उसके अनुसार लोगों से पूछताछ की थी। 5 से 6 लोगों को हिरासत में लिया था। फरियादी के साथ एक अफजल नाम के व्यक्ति का झगड़ा हुआ था। जिसे शांतिभंग में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। हमारी टीम काम कर रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

### कलेक्टर की फर्जी सील और हस्ताक्षर कर आदिवासी की भूमि को था बेचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महेश्वर।** पुलिस टीम ने धोखाधड़ी के प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को कार्रवाई की है। थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि दो माह पहले उपपंजीयक अधिकारी गरिमा चौहान ने रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसमें आरोपी लोकेश सोलंकी निवासी ग्राम काकडदा और रुपेश वैष्णव निवासी ग्राम ठनगांव ने कलेक्टर की फर्जी सील बनाकर एक दस्तावेज तैयार किया।

जिसमें मण्डलेश्वर के जेल रोड निवासी आदिवासी व्यक्ति द्वारका डावर की कृषि भूमि का फर्जी विक्रय आदेश तैयार किया। आदेश पत्र पर कलेक्टर की फर्जी सील और कलेक्टर के हस्ताक्षर को स्कैन कर फर्जी तरीके से हस्ताक्षर अंकित किए थे। इसमें पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आरोपी लोकेश सोलंकी को गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किया। फरार आरोपी रुपेश वैष्णव के विरुध्द पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीणा ने 5 हजार रुपए इनाम घोषणा की थी। फरार आरोपी रुपेश वैष्णव की तलाश करते मुखबिर की सूचना प्राप्त होने पर आरोपी रुपेश पिता सुरेशचन्द्र वैष्णव जाति बैरागी उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम ठनगांव थाना मण्डलेश्वर को भी गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को बुधवार न्यायालय में पेश किया जाएगा। उक्त कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनोहर सिंह गवली के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज तिवारी, उनि सुनील जामले,आरक्षक अर्पित चौहान,आशीष भायल, अमर मानवे,प्रीतम व अभिलाषा (सायबर सेल) का सराहनीय योगदान रहा।

# उत्तराखंड लैंड स्लाइड में धार के 3 लोगों की मौत

## तीनों मृतक आपस में भाई-बहन; एक साथी गुप्तकाशी अस्पताल में भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार।** उत्तराखंड में केदारनाथ जाने वाले रास्ते पर सोमवार देर रात लैंडस्लाइड हुई। मलबे में दबकर 5 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हैं। हादसा सोनप्रयाग से आधा किलोमीटर आगे गौरीकुंड के पास केदारनाथ पैदल मार्ग पर हुआ। SDRF की टीम ने मंगलवार सुबह मलबे से शव निकाले।

मृतकों में 3 तीर्थयात्री धार जिले के हैं। इनकी पहचान गोपाल (52), दुर्गा बाई खापर (45) और समन बाई (55) के रूप में हुई है। तीनों ही जिले के सरदारपुर के रहने वाले थे। आपस में बहन-भाई थे। वहीं, निपावली के रहने वाले छगनलाल गंभीर रूप से घायल हैं।

हादसे में इनके अलावा गुजरात के सूरत निवासी भारत भाई निरालाल (52) और नेपाल के धनवा निवासी तितली देवी मंडल (70) की भी जान चली गई। वहीं, जीवच तिवारी (60) निवासी धनवा नेपाल, मनप्रीत सिंह (30) निवासी वेस्ट बंगाल और छगनलाल निवासी धार (45) घायल हैं।

### धार से 40 लोग दर्शन करने गए थे

धार जिले के 40 लोग बस से केदारनाथ दर्शन करने गए थे। सोमवार दोपहर बाद केदारघाटी में भारी बारिश हुई। सोनप्रयाग से करीब आधा किलोमीटर आगे गौरीकुंड के पास केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन हो गया। इस दौरान वहां से पैदल गुजर रहे तीर्थ यात्री पहाड़ी से आए पत्थर और मलबे की चपेट में आ गए।

हादसे की सूचना रुद्रप्रयाग आपदा कंट्रोल रूम को दी गई। मौके पर स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ की टीम पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया।

### घायलों को गुप्तकाशी अस्पताल में भर्ती कराया

उखीमठ एसडीएम अनिल कुमार ने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए गुप्तकाशी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसडीआरएफ के एसआई आशीष डिमरी ने कहा कि घटनास्थल पर पत्थर गिरने से चुनौतीपूर्ण हालात बने हुए हैं। वहां धीरे-धीरे भूस्खलन हो रहा है, जिससे पैदल यात्रियों को खतरा पैदा हो सकता है।

### पत्थर गिरने से पत्नी का हाथ छूटा

धार जिले से उत्तराखंड गए लोगों में झिंझोटा गांव से 5 और निपावली से दो लोग भी शामिल थे। झिंझोटा के तोलाराम धाकड़ ने बताया कि इस दल में शामिल छगनलाल काकर से रविवार को उसकी बातचीत हुई थी। छगन ने बताया था कि वह केदारनाथ की चढ़ाई चढ़ रहा है। छगनलाल पत्नी दुर्गा का हाथ पकड़कर चल रहा था। अचानक छगनलाल के हाथ पर एक बड़ा पत्थर आ गिरा। इससे दुर्गा बाई का हाथ छूट गया। छगन एक पेड़ की साइड में आ गया जबकि पत्नी पत्थर की चपेट में आ गई। उसका कुछ पता नहीं चला।

### मृतकों के परिजनों के लिए सहायता राशि स्वीकृत

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने उत्तराखंड में केदारनाथ यात्रा के दौरान भूस्खलन में झिंझोटा गांव के गोपाल, समनबाई और दुर्गा बाई के परिजनों को हरिद्वार में अंत्येष्टि के लिए रेडक्रॉस से 50 हजार रुपए और ग्राम निपावली के घायल छगन पिता बगदीराम के उपचार के लिए 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है।

# पति की मौत के कुछ ही मिनट बाद त्याग दिए प्राण

**छतरपुर।** आपको हिंदी फिल्म के एक गाने की लाइन याद होगी, जिसमें नायक अनिल कपूर और नायिका पूनम ढिल्लो गाते हैं कि साथ जीयेंगे, साथ मरेंगे हम तुम दोनों लैला मारने से नयूं डरना, कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है छतरपुर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के भदेसर गांव से, जहां पति-पत्नी दोनों की चिता साथ जलाई गई है। यहां के रहने वाले 85 वर्षीय ततुरा राजपूत की मौत के कुछ ही मिनट बाद उनकी 80 वर्षीय पत्नी जमनी बाई ने अपने प्राण त्याग दिए। जानकारी के अनुसार, भदेसर गांव में रहने वाले 85 वर्ष के ततुरा राजपूत ने सोमवार दोपहर अपने जीवन की अंतिम सांस ली। जमनी बाई जो की पैर से दिव्यांग थी, लकड़ी के सहारे अपने पति के पास पहुंची और जगाने का प्रयास करने लगी। काफी देर जगाने के बाद जमनी बाई को इस बात का अहसास हो गया कि उसका पति अब इस दुनिया में नहीं रहा।

# लड़की पर बाइक चढ़ाने की कोशिश

### छेड़खानी कर रहे 3 बदमाशों ने दुपट्टा खींचकर गिराया; बहन के साथ ब्यूटी पार्लर जा रही थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा ।** रीवा में तीन बदमाशों ने युवती पर बाइक चढ़ाने की कोशिश की। घटना मंगलवार दोपहर सिटी कोतवाली के निपनिया इलाके की है। इसका CCTV वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बाइक सवार तीन बदमाश सरेराह लड़की से छेड़खानी करते दिख रहे हैं। सड़क पर गिरने की वजह से युवती के चेहरे, हाथ और घुटने पर चोट आई है। संजय गांधी अस्पताल में उसका इलाज कराया गया।

18 साल की युवती कॉलेज स्टूडेंट है। ब्यूटी पार्लर का कोर्स भी कर रही है। मंगलवार दोपहर वह अपनी मौसेरी बहन के साथ ब्यूटी पार्लर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में पीछे से बाइक पर तीन बदमाश आए और उस पर बाइक चढ़ाने की कोशिश की। बाइक की टक्कर से लड़की नीचे गिर पड़ी।

छात्रा का कहना है, 'मैं आरोपियों को नहीं जानती, न ही कभी उन्हें देखा है या मुलाकात हुई है। उन्होंने पीछे से स्पीड में बाइक से टक्कर मारी। मेरी आंखें बंद हो गईं और मैं सड़क पर गिर पड़ी। मैं बस इतना ही देख पाई कि बाइक पर तीन लोग बैठे हुए थे। अभी भी चेहरे पर सूजन है और काफी दर्द है। बोलने में भी काफी तकलीफ हो रही है।'

छात्रा के चचेरे भाई ने बताया कि बदमाशों ने जानबूझकर टक्कर मारी है। कॉल आने पर हम पहुंचे और उसे संजय गांधी अस्पताल ले गए।

**एडिशनल एसपी बोले- साइबर एक्सपर्ट टीम जांच कर रही-** एडिशनल एसपी विवेक लाल ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश की जा रही है। साइबर एक्सपर्ट्स की टीम भी जांच कर रही है।

## संपादकीय

# अपने ही लोगों के सवालों से घिरीं ममता

कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्याकांड पर उभरे जनाक्रोश को ममता बनर्जी विपक्षी दलों का उकसावा बता कर अपना बचाव करने की कोशिश करती रही हैं। केंद्र सरकार पर आरोप लगाती रही हैं कि वह पश्चिम बंगाल में अव्यवस्था फैलाने का प्रयास कर रही है। इसे लेकर उन्होंने खुद एक रैली भी निकाली थी। मगर अब उन्हें अपने ही लोगों के सवालों का जवाब देना भारी पड़ रहा है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने अपनी सदस्यता से इस्तीफा देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि कोलकाता चिकित्सक मामले में राज्य सरकार ने काफी देर से और अपर्याप्त कदम उठाए। इससे उनका पार्टी और मुख्यमंत्री के कामकाज से मोहभंग हो गया है। मुख्यमंत्री राज्य सरकार के भ्रष्टाचार और नेताओं के एक वर्ग के बल प्रयोग की रणनीति से बिल्कुल बेपरवाह हैं। यह पहला मौका नहीं है, जब जवाहर सरकार ने पार्टी में चल रही गलत गतिविधियों पर आपत्ति दर्ज कराई। हालांकि एक पार्टी प्रवक्ता ने कहा है कि जवाहर सरकार के उठाए मुद्दों पर पार्टी ध्यान देगी और सकारात्मक कदम उठाएगी। मगर ममता बनर्जी इस पर कितनी गंभीरता दिखाएंगी, फिलहाल कहना मुश्किल है। कोलकाता चिकित्सक हत्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भी कुछ तीखे सवाल किए थे। उनमें सबसे अहम सवाल है कि घटना के बाद कार्रवाई करने में देर क्यों की गई। हालांकि ममता बनर्जी कहती रहीं कि वे आंदोलनकारियों की भावनाओं की कद्र करती हैं। उन्होंने शुरू में ही सीबीआइ जांच पर सहमति दे दी थी। कुछ संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि मामले की जांच सही दिशा में चल रही है। मगर जांचों में जिस तरह के तथ्य सामने आ रहे हैं, उससे राज्य सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठते हैं। उसमें गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। इसके बावजूद अगर मुख्यमंत्री विरोध प्रदर्शनों में राजनीति देख रही हैं, तो इससे उनके मामले पर पर्दा डालने की कोशिश ही पता चलती है। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद और सर्वोच्च न्यायालय की दखल के बावजूद अगर वहां विरोध प्रदर्शन नहीं रुक रहे, चिकित्सक अपने काम पर नहीं लौटे हैं, तो उनकी नाराजगी स्वत:स्फूर्त है। वह अनेक अनियमितताओं और सरकार की गलत नीतियों या फैसलों, कार्यशैली से पैदा हुई है। उसे सियासी चश्मे से देखने से स्थितियां बदल नहीं जाएंगी। यह छिपी बात नहीं है कि ममता सरकार पर कई गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे। शिक्षा घोटाले में उनके मंत्री को जेल जाना पड़ा, कोयला खदान में अनियमितता के आरोप खुद उनके भतीजे पर हैं। फिर उनके पार्टी कार्यकर्ता किस तरह सरकारी योजनाओं का फायदा उठाते और लोगों को डरा-धमका कर अपने पक्ष में करने की कोशिश करते रहे हैं, इसके भी कई उदाहरण हैं। इन सबके चलते अगर पार्टी के एक वरिष्ठ सदस्य का मोहभंग हुआ है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम लोगों में किस तरह की प्रतिक्रिया उभरती होगी। इसलिए जवाहर सरकार का इस्तीफा और चिट्ठी ममता बनर्जी के लिए अपनी कार्यशैली के मूल्यांकन का अवसर है।

## OSHO कहिन

"यदि आप सच्चाई को देखना चाहते हैं, तो उसके लिए या उसके विरुद्ध कोई राय न रखें।"



## धर्म कर्म

# राधा अष्टमी पर करें ये उपाय, शुभ फल मिलने की है मान्यता



हर वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधा अष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की पूजा-अर्चना की जाती है। इस साल राधा अष्टमी 11 सितंबर 2024, बुधवार को है। यह त्योहार राधा रानी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन कुछ भक्त राधा रानी व भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखते हैं। मान्यता है कि इस दिन कुछ उपायों को करने से जीवन में सुख-शांति व समृद्धि आती है। जानें राधा अष्टमी पर किन उपायों को करना होता है शुभ-

1. राधा-कृष्ण की प्रतिमा मंदिर में सामने की ओर पश्चिम मुखी रखें। उनके दाएं हाथ की तरफ एक बाल कृष्ण या लड्डू गोपाल की छोटी मूर्ति या चित्र रखें।
2. अपने मंदिर में या किसी सार्वजनिक मंदिर में भगवान को तुलसी की माला पहनाएं, मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान श्रीकृष्ण प्रसन्न होते हैं।
3. कृष्णजी को एक बांसुरी भी अर्पण करें। यह बहुत शुभ फलदायी होता है।
4. भगवान के आगे एक घी का दीपक जलाकर श्री कृष्णम् शरणम् मम का जाप करें।
5. इस दिन एक कदंब के पेड़ की डंडी या टहनी लाकर अपने घर में या पूजा स्थान पर रखना शुभ होता है। इससे घर में शांति रहती है।
6. राधा अष्टमी के दिन दान-पुण्य शुभ व लाभकारी माना गया है। मान्यता है कि इस दिन अपनी सामर्थ्यनुसार दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।
7. राधा अष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी को गुलाब का फूल अर्पित करना अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से शादी-ब्याह में आने वाली अड़चनें खत्म होती हैं।
8. राधा अष्टमी के दिन ऊँ ह्रीं श्री राधिकायै नमः मंत्र का जाप करना अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन की विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं।

New Delhi

# अमेरिका में भारत विरोधी इल्हान उमर से राहुल गांधी की मुलाकात पर विवाद, बीजेपी ने घेरा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के तीन दिनों के दौरे पर हैं. इस दौरान राहुल गांधी ने अमेरिकी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की. इस मुलाकात की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिन पर विवाद हो गया है. इन तस्वीरों में राहुल गांधी के साथ भारत विरोधी इल्हान उमर नजर आ रही हैं. अब बीजेपी ने इसे लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा है.

बीजेपी की राष्ट्रीय प्रवक्ता संजू वर्मा का कहना है कि राहुल गांधी सत्ता में आने के लिए उतावले हैं. इसी उतावलेपन की वजह से ही कोई कट्टरपंथी इस्लामिक इल्हान उमर से मुलाकात कर सकता है.



बीजेपी नेता निशिकांत दुबे ने कहा कि लाल घेरे में यह महिला अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता इल्हान उमर

है, जो खालिस्तान और कश्मीर को अलग देश बनाने का लगातार समर्थन करती हैं. अभी अमेरिका में राहुल गांधी जी इसी एजेंडे के लिए समर्थन जुटा रहे हैं.

बीजेपी प्रवक्ता अमित मालवीय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका में इल्हान उमर से मुलाकात की है. इल्हान भारत विरोधी, कट्टरपंथी इस्लामिक और आजाद कश्मीर की पैरोकार है. यहां तक कि इस मुलाकात को लेकर पाकिस्तान के नेता भी चौकन्ना होंगे. कांग्रेस अब खुलकर भारत के खिलाफ काम कर रही है.

यह मुलाकात वॉशिंगटन डीसी में रेबर्न हाउस ऑफिस बिल्डिंग में हुई.

Himachal Pradesh

## मस्जिद विवाद को लेकर शिमला के संजौली में "कर्फ्यू' वाला हाल, चप्पे-चप्पे पर क्यों पुलिस बल तैनात

**शिमला, (एजेंसी)** शिमला के संजौली स्थित मस्जिद में अवैध निर्माण के विरोध में आज बुधवार को हिंदूवादी संगठनों के बड़े पैमाने पर विरोध की आशंका के मद्देनजर सुबह से पुलिस चौकस नजर आई। हिन्दू संगठनों व स्थानीय लोगों ने सुबह 11 बजे संजौली में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इसे लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। इसे देखते हुए प्रशासन द्वारा पूरे संजौली क्षेत्र में सुबह से धारा 163 लागू कर दी गई है, जो मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन व जुलूस निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, ताकि कानून-व्यवस्था खराब न हो। संजौली इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। मस्जिद स्थल को पूरी तरह सील कर दिया गया है। शिमला शहर में भी पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शिमला में जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया है। हालात काबू में रखने के लिए जिला पुलिस ने प्रदेश की सभी छह बटानियल तैनात कर दी हैं। शहर के अलग-अलग इलाकों में चेकिंग शुरू करा कर संजौली की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

Gujrat

## भिखारियों का आतंक... कहीं चाकू घोंपा तो कहीं तोड़फोड़, भीख ना मिलने पर किया बच्चा चोरी

**बिजनौर/संभल/सूरत, (एजेंसी)** देश के कुछ शहरों में हाल में भिखारियों ने बड़ी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया, जिनकी वजह से लोगों में उनके प्रति एक डर पैदा हो गया है. उत्तर प्रदेश के बिजनौर में भीख ना मिलने से नाराज भिखारी ने एक युवक को पहले गालियां दी और फिर उस पर चाकू से हमला कर दिया. घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उसका गंभीर हालत में इलाज चल रहा है. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने भिखारी को गिरफ्तार कर लिया. घटना के बाद आसपास के लोग दहशत में आ गए. 45 वर्षीय नईम दिव्यांग है और वह कीरतपुर मोहल्ले में रहता है उसके पास से सब्जी काटने वाला चाकू भी बरामद किया गया. यह घटना 7 सितंबर शनिवार को हुई थी.

इसके अलावा यूपी के संभल जिले में भीख ना मिलने से नाराज महिला भिखारी ने बच्चे को किडनैप कर लिया और उसे अपने साथ ले गई. पुलिस अब तक उसका कोई भी सुराग नहीं लगा पाई है. बहजोई थाना क्षेत्र के अतरासी गांव निवासी संजय ने बताया कि सोमवार की सुबह वह मजदूरी करने के लिए घर से निकल गए थे. पत्नी सर्वेश चार वर्षीय बेटी सोना और ढाई वर्षीय बेटा सनी घर पर थे. घर में मौजूद अन्य परिजन पशुओं के लिए चारा लेने जंगल गए थे. सुबह दस बजे के करीब दोनों बच्चे घर के बाहर दरवाजे पर खेल रहे थे. इसी दौरान भीख मांगने वाली कंजर समुदाय की कुछ महिलाएं मोहल्ले में आईं और भीख मांगने लगीं. वह भीख लिए बिना ही लौट गईं. इसलिए आशंका जताई जा रही है कि वह बच्चे का अपहरण कर ले गई हैं.

New Delhi

## कर्फ्यू, इंटरनेट बैन और 2000 जवान फिर पहुंचे



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मणिपुर में एक बार फिर से माहौल तनावपूर्ण हो गया है। बीते कुछ दिनों में हुई झड़पों के चलते हालात ऐसे हैं कि तीन जिलों में कर्फ्यू लगाना पड़ा है और इंटरनेट भी सस्पेंड किया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि लोगों के बीच अफवाह फैलने से रोका जा सके। अभी 5 दिनों के लिए इंटरनेट पर रोक रहेगी। वहीं कांग्रेस का कहना है कि इस मामले में होम मिनिस्टर अमित शाह को दखल देना चाहिए। बीते साल से ही राज्य में कुकी और मैतेई समुदाय के लोगों के बीच झड़पों का दौर जारी है। ऐसी हिंसा फैली है कि कई जिलों में एक-दूसरे के समुदाय के लोगों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

इनर मणिपुर से कांग्रेस के सांसद ए. बिमोल अकोइजाम ने अमित शाह को पत्र भी लिखा है और मांग की है कि हिंसा की हालिया घटनाओं की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि इस उपद्रव में ड्रग्स माफिया और बाहरी तत्वों का भी योगदान है। इसके अलावा उन्होंने इसके पीछे विदेशी साजिश को भी वजह बताया है। फिलहाल नए सिरे से फैली हिंसा ने मणिपुर में एक बार फिर से उबाल पैदा कर दिया है। मणिपुर के उच्च शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी और निजी कॉलेजों को 11 और 12 सितंबर को बंद ही रखने का आदेश दिया है। राज्य भर में चल रहे प्रदर्शनों के कारण यह फैसला लिया गया है।

हालात यह हैं कि मणिपुर में कई जगहों पर उपद्रवियों ने ड्रोन और रॉकेट तक से हमले किए हैं। इस बीच राज्य पुलिस ने ऐंटी ड्रोन सिस्टम्स की तैनाती है। इसके अलावा बड़े पैमाने पर इनकी खरीद भी की जा रही है क्योंकि सरकार के पास यह पर्याप्त मात्रा में नहीं हैं।

खेल

# पेरिस पैरालंपिक पदक विजेताओं के लिए हुआ नकद पुरस्कार का एलान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने नकद पुरस्कार का एलान किया गया है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। भारत ने हाल ही में संपन्न इन खेलों में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था और सात स्वर्ण सहित कुल 29 पदक अपने नाम किए थे। पेरिस में स्वर्ण जीतने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख रुपये, रजत पदक पाने वालों को 50 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये देने का निर्णय लिया गया है। इनके अलावा मिश्रित टीम में शामिल पदक विजेताओं को 22.5 लाख रुपये दिए जाएंगे।



भारत ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ पैरालंपिक खेलों के इतिहास में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार कर लिया। पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को स्वदेश वापस लौटने पर सैकड़ों प्रशंसकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में अपने ऐतिहासिक अभियान का समापन 29 पदकों के साथ किया जिसमें सात स्वर्ण के अलावा नौ रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।

मांडविया ने 2028 लॉस एंजिलिस पैरालंपिक में अधिक पदक जीतने के लिए पैरा खिलाड़ियों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा, देश पैरालंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में चार पदकों से, भारत ने टोक्यो में 19 पदक और पेरिस में 29 पदक जीते और 18वें स्थान पर रहा। हम अपने सभी पैरा खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में और अधिक पदक तथा स्वर्ण पदक जीत सकें।

### भारत ने तोड़ा टोक्यो का रिकॉर्ड

भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक सबसे सफल पैरालंपिक साबित हुआ है। टोक्यो पैरालंपिक 2020 इससे पहले भारत का सबसे सफल पैरालंपिक रहा था। उसमें भारत ने 54 एथलीट्स भेजे थे और 19 पदक जीतने में कामयाब रहे थे। इनमें पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक शामिल थे। भारत ने 20वां पदक जीतते ही टोक्यो पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके अलावा सात स्वर्ण जीतकर भारत ने टोक्यो के पांच स्वर्ण के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

सिनेमा

# जूनियर एनटीआर का जबरदस्त एक्शन, विलेन बनकर सैफ देंगे डबल टक्कर



फिल्म 'RRR' से देश-विदेश के सिनेमालवर्स के फेवरेट बन चुके एक्टर जूनियर एनटीआर की अगली फिल्म 'देवरा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है. मेकर्स ने कुछ वक्त पहले फिल्म से एक फर्स्ट लुक वीडियो शेयर किया था, जिसे जूनियर एनटीआर को देखने के बाद फैंस में तगड़ी एक्साइटमेंट बन गई थी. अब फिल्म का ट्रेलर इस उत्साह को और बढ़ा रहा है. 'देवरा' को दो पार्ट्स में रिलीज किया जाएगा. इसमें जूनियर एनटीआर के साथ जाह्नवी कपूर, सैफ अली खान, प्रकाश राज और शाइन टॉम चाको जैसे दमदार कलाकार नजर आने वाले हैं. अलग-अलग इंडस्ट्रीज के कई बड़े नामों वाली कास्ट के साथ फिल्म 'देवरा', हिंदी, तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होनी है. इस पिक्चर में जूनियर एनटीआर का खूंखार अवतार में नजर आएंगे. 'देवरा' के ट्रेलर में आपको बताया जाता है कि 'ये बहुत लंबी कहानी है. खून से समंदर को लाल कर देने वाली कहानी. हमारे देवरा की कहानी.' ट्रेलर की शुरुआत लूटपाट और चाकू खंजर चलने से होती है. इसके बाद आपको विलेन सैफ अली खान एकदम अलग अवतार में नजर आते हैं. वीडियो में आगे जूनियर एनटीआर का फर्स्ट लुक नजर आता है जो एक शर्ट और ब्लैक लुंगी पहने हैं.

## Highlights

1. Lokayukta probes stray dog attack, issues notice to BBMP officials
2. AAP fields BJP rebel Satish against Lalu's son-in-law from Rewari
3. Gang robs bridegrooms of jewellery, cash after fake marriage in MP; 4 arrested
4. 'I Came Under So Much Pressure': Silver Medalist Suhas Lalinakere
5. Heavy showers expected in Karnataka and Northeast

# Hindenburg's 1-line reply to new allegations against Sebi boss Madhabi Puri Buch

**NEW DEIHI, (Agency).** Hindenburg Research said Sebi chief Madhabi Puri Buch maintained complete silence for weeks on allegations against her. The shortseller in a post on X (formerly Twitter), "Buch has maintained her complete silence for weeks on all of the emerging issues."

It added, "New allegations have emerged that the private consulting entity, 99% owned by Sebi chair Madhabi Buch, accepted payments from multiple listed companies regulated by SEBI during her time as SEBI Whole-Time Member. The companies include: Mahindra & Mahindra, ICICI Bank, Dr. Reddy's and Pidilite. These allegations apply to Buch's Indian consulting entity with no details thus far on Buch's Singapore-based consulting entity."




What are the new allegations against Madhabi Puri Buch?

This comes as opposition Congress alleged that a consultancy firm promoted by Madhabi Puri Buch had earned about ₹3 crore and most of the money came from Mahindra & Mahindra (M&M). At the time, Madhabi Puri Buch was a whole-time member of SEBI, as per the party which said that she holds 99% of the consultancy Agora Advisory Private Ltd, "which has been actively providing advisory/ consultancy services till date." Congress spokesperson Pawan Khera said, "This isn't just a case of wilful concealment; it's a case of wilful lying. In my last press conference, I had mentioned that it is not merely a conflict of interest, it is a case of corruption. Today's revelations will prove that it is not just corruption — it is a criminal conspiracy, absolutely brazen and shameless in its execution."

# Explained: Why Apple has to pay Ireland $14.4 billion?

**NEW DEIHI, (Agency).** Ireland just landed a challenge most countries would envy: how to spend an almost €13.8 billion ($15.2 billion) windfall that Apple Inc. was ordered to pay in taxes by the European Union's top court. That's equivalent of 14% of government spending this year, or some €2,700 for every man, woman and child.



Ironically, the Irish government has always maintained that it didn't think Apple owed these taxes. But the EU's Court of Justice Tuesday backed a landmark 2016 decision that Ireland broke state-aid laws by giving the company tax benefits that resulted in an unfair advantage.

Ironically, the Irish government has always maintained that it didn't think Apple owed these taxes. But the EU's Court of Justice Tuesday backed a landmark 2016 decision that Ireland broke state-aid laws by giving the company tax benefits that resulted in an unfair advantage.

Get Unlimited access to Hindustan Times E-paper and Archives at 1199/- per year

The money involved has been sitting in escrow since an initial EU court ruling in 2016, and the bloc's competition chief, Margrethe Vestager, said in a news conference that the taxes "must be released to the Irish state."

# रिश्तोदर ही निकला चोर

## लाखों की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **कनाडिया थाना क्षेत्र की कल्याण संपत गार्डन सी ब्लाक के लैट में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चोर कोई बाहरी नहीं बल्कि फरियादी की पत्नी का चाचा ही निकला। आर्थिक तंगी से जूझ रहे चाचा ने ही वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उससे आठ लाख रूपए का मश्रुका बरामद कर लिया है।**

डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि 14 अगस्त को फइरयादी कविंद्र कुमार पिता धर्मपाल सिंह निवासी कल्याण संपत गार्डन सी ब्लाक लेट नंबर 609 ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 27 जुलाई को वह कंपनी की तरफ से चाइना चला गया था। घर में अकेले पत्नी पूजा ही थी वो भी 7 अगस्त को पारिवारिक दोस्त के साथ हांगकांग हालीडे के लिए चली गई थी। चाइना से जब वह 14 अगस्त को सुबह वापस अपने घर आया तो देखा कि लैट में सारा सामान बिखरा पड़ा था तथा बेडरूम में रखी अलमारी में रखी 'वैलरी तीन सोने की चेन,एक सोने का गले का नेकलेस, 8 सोने की अंगूठी, दो जोड़ सोने की एयरिंग्स, दो सोने के कंगन,एक डायमंड की रिंग गायब थे। अज्ञात बदमाश गेट का लाक तोडक़र लैट के अंदर दाखिल हुआ और फिर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। फरियादी की रिपोर्ट पर कनाडिया पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की धरपकड़ के लिए एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह और एसीपी कुंदन मंडलोई को निर्देशित किया। इसके बाद थाना प्रभारी केपी यादव के नेतृत्व में टीमें गठित की गई। सबसे पहले एसीपी कुंदन मंडलोई ने फरियादी कविंदर कुमार एवं उनकी पत्नी पूजा से पूछताछ की पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उनके विदेश जाने से पहले सुभाष चंद्र राजपूत उनके घर आया था। इस दौरान पूजा ने उसे बताया था कि वह अपने कुछ पारिवारिक मित्रों के साथ विदेश जाने वाली है। यह बात सिर्फ सुभाष चंद्र को ही मालूम थी।ऐसे में पुलिस को उस पर शक गहराया और उसकी जानकारी जुटाई तो पता चाल कि वह ग्राम बरामपुर जिला बिजनौर उप्र का रहने वाला है। इस पर टीआई केपी यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम उसके गांव भेजी गई। टीम ने सुभाषचंद्र पिता राजेंद्र सिंह राजपूत को उसके घर से पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने फरियादी के घर चोरी की वारदात करना कबूल किया और बताया कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। इसके चलते उसने कल्याण संपत स्थित लैट में चोरी की थी। जंहा उसने घटना को अंजाम दिया वह उसकी भतीजी का घर है और वह फरियादी की पत्नी का दूर का चाचा लगता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 लाख रूपए का मश्रुका बरामद कर लिया है जो उसने फरियादी के घर से चुराया था।

# सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** तिलकनगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर लगने के बाद वह सडक़ पर गिरा तो पीछे से आ रही कार का पहिया उसके सिर पर चढ गया। उसके शव को पीएम के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। तिलकनगर थाना प्रभारी अजय नायर ने बताया कि घटना ग्रेटर ब्रजेशवरी रोड की मंगलवार दोपहर करीब 2.&0 बजे की है। गोलिया पिता बालिया(25) निवासी खरगोन मूल निवासी बिचौली मर्दाना बाइक से जा रहा था तभी अचानक उसकी बाइक सडक़ से गुजर रही एक कार से टकरा गई। कार से टकराते ही उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह बाइक सहित नीचे गिर गया। तभी पीछे से तेज गति से क्रेटा कार आ रही थी जब तक वह कार की गति पर काबू पा पाता कार कार का पहिया गोलिया के सिर पर चढ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टीआई नायर का कहना है कि उसके शव को पीएम के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। उनका कहना है कि मामले में जिसकी भी गलती होगी उस पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# ब्राउन शुगर के साथ मां बेटे गिरफ्तार



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **ब्राउन शुगर की डिलेवरी देने जा रहे मां-बेटे को आजाद नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से 12 .93 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।**

डीसीपी विनोद मीणा के अनुसार आजाद नगर पुलिस ने मुखबिर से टिप मिलने के बाद सर्विस रोड से एक्टिवा पर जा रहे मां बेटे को घेराबंदी कर पकड़ा। इनके पास से करीब सवा लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद की गई है। आरोपियों के नाम आकाश पिता प्रेम वसुनिया निवासी भील कालोनी और उस की मां लक्ष्मी पति प्रेम वसुनिया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि वे ये ब्राउन शुगर कहां से लाए थे और किसे देने जा रहे थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक